


**युवाओं को मौके मिलने चाहिएः ब्रायन लारा**

51 वर्षीय लारा ने कहा, 'अब ऐसी स्थिति है कि उनका फोकस अगले साल के लिए टीम बनाने पर रहना चाहिए। बाकी मैचों में युवाओं को मौके मिलने चाहिए। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम चेन्नै ने इस सीजन में अब तक 12 में से केवल 4 ही मैच जीते हैं।

## आखिर आईपीएल–2020 में क्यों खराब हुआ चेन्नै सुपर किंग्स का प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि युवाओं पर अनुभव को तरजीह देने से इस आईपीएल सत्र में चेन्नै सुपर किंग्स का प्रदर्शन खराब हुआ और अब उसे बाकी मैचों में युवा क्रिकेटरों को मौके देने चाहिए। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे कामयाब टीमों में से एक चेन्नै अंकतालिका में सबसे नीचे है। दूसरी टीमें जहां युवाओं को मौके दे रही हैं, वहीं चेन्नै ने कोर टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किए जिसकी वजह से अक्सर इसे 'बूढ़ों की फौज' भी कहा जाता रहा। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स के 'सिलेक्ट डगआउट' में कहा, 'चेन्नै टीम में काफी उम्रदराज खिलाड़ी हैं। युवा खिलाड़ी दिखते ही नहीं। विदेशी खिलाड़ी भी लंबे समय से खेल रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'इस टीम ने अनुभव को युवाओं पर तरजीह दी लेकिन वह खराब प्रदर्शन का कारण रहा।' लारा ने कहा, 'यह सत्र उनके लिए बहुत खराब रहा। हर बार टीम मैदान पर उतरती तो हम दुआ करते थे कि इस मैच से पासा पलट जाएगा। मैच दर मैच हम उम्मीद लगाए रहे कि धोनी अब टीम को जीत तक ले जाएंगे लेकिन बस उम्मीदें ही रह गई।'

# मांजरेकर ने केएल राहुल को टेस्ट टीम में शामिल करने पर सवाल

## श्रीकांत ने कहा– बॉम्बे से आगे भी सोचिए

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व मुख्य चयनकर्ता कृष्णमचारी श्रीकांत ने क्रिकेटर से कॉमेंटेटर बने संजय मांजरेकर पर निशाना साधा है। मांजरेकर ने केएल राहुल को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल किए जाने पर सवाल उठाया था।

राहुल इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में शानदार फॉर्म में हैं। वह इस सीजन में अभी तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने दिसंबर–जनवरी में होने वाली बॉर्डर–गावसकर सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। मांजरेकर ने कहा था कि यह एक गलत परंपरा शुरू हो रही है जब किसी खिलाड़ी को आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर टेस्ट टीम में चुना जा रहा है। उन्होंने कहा था कि रणजी ट्रॉफी खेलने वाले खिलाड़ियों को बहुत निराश करने वाला है। श्रीकांत मांजरेकर की इस बात से बेहद नाराज नजर



आए। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल चीकी चीका में कहा, श्यह संजय मांजरेकर का काम है कि वह सवाल पूछें, तो उन्हें छोड़ ही दें।

श्रीकांत ने कहा, श्टेस्ट क्रिकेट में केएल राहुल को शामिल किए जाने पर सवाल? उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं सिर्फ इसी वजह से किसी बात से सहमत नहीं हो सकता कि संजय मांजरेकर ने इस पर सवाल पूछा है। मुझे नहीं लगता कि मैं इससे सहमत हो सकता हूं। आपको सिर्फ विवाद पैदा करने के लिए कोई सवाल नहीं उठाना चाहिए। केएल राहुल ने हर प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। एक बार उनका टेस्ट रेकॉर्ड देखिए।श राहुल ने भारत के लिए 36 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 5 शतक और 11 हाफ सेंचुरी की मदद से 2006 रन बनाए हैं।

श्रीकांत ने कहा, संजय मांजरेकर बेकार की बात कर रहे हैं। मैं इससे सहमत नहीं। उन्होंने कहा, शराहुल के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव हो सकता है लेकिन यह वही राहुल हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट डेब्यू किया और सेंचुरी लगाई। वह तेज गेंदबाजी के खिलाफ एक अच्छे खिलाड़ी हैं। यह बात समझ लीजिए, वह तेज गेंदबाजी के खिलाफ बहुत अच्छा खेलते हैं।

राहुल को पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ खराब सीरीज के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। इस सीरीज में राहुल ने चार पारियों में सिर्फ 101 रन बनाए थे। इस साल भारत ए के न्यूजीलैंड दौरे पर भी उन्हें शामिल नहीं किया गया था। श्रीकांत ने मांजरेकर को आगे सलाह दी कि उन्हें सिर्फ मुंबई के खिलाड़ियों के अलावा देश के अन्य क्रिकेटर्स पर भी ध्यान देना चाहिए। 60 वर्षीय इस पूर्व कप्तान ने कहा, संजय मांजरेकर, आप बॉम्बे से आगे सोच नहीं पाते। यही समस्या है। हम सही बात कर रहे हैं।

# शास्त्री ने सूर्य कुमार यादव के लिए कही ये बात तो छलका मनोज तिवारी का दर्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जब से आईपीएल की शुरुआत हुई है तब से युवा क्रिकेटरों के लिए भारतीय टीम में शामिल होने का रास्ता आसान हो गया है। वहीं टीम के सेलेक्टरों के पास के भी काफी ऑप्शन रहते हैं। इस बार भी कुछ ऐसे नाम सामने आए हैं जिन्होंने जबरदस्त प्रदर्शन किया है और टीम इंडिया में चयनित होने का दावा किया है। ऐसा ही एक नाम है सूर्य कुमार यादव का। सूर्यकुमार यादव की तारीफ खुद टीम इंडिया के हेड कोच ने भी की है। लेकिन रवि शास्त्री के ट्वीट पर क्रिकेटर मनोज तिवारी का दर्द छलक पड़ा।

सूर्य कुमार यादव मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे हैं। उनका



परफॉर्मेंस बहुत शानदार रहा है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया दौरे में उनका चयन नहीं हुआ। जिसको लेकर भी टीम सेलेक्टर्स के ऊपर काफी सवाल उठाए जा रहे हैं। टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री ने भी सूर्य कुमार यादव की तारीफ की है। टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री ने खुद ट्वीट करते हुए सूर्यकुमार को सलाम किया था और उनको धैर्य रखने की सलाह दी थी।

रवि शास्त्री के इस ट्वीट पर मनोज तिवारी का अब दर्द छलक पड़ा और उन्होंने कहा कि काश उनके समय में भी रवि शास्त्री हेड कोच होते। मनोज तिवारी ने टीम इंडिया के हेड कोच के ट्वीट को टैग करते हुए लिखा, मैं ऐसी विश करता हूं कि काश आप उस सीरीज टीम इंडिया के कोच होते, जब मैंने सेंचुरी लगाई थी।आपके इस तरह के मैसेज ने मेरे इंटरनेशल करियर को जरूर आगे बढ़ा दिया होता। आपका ये ट्वीट देखकर सूर्य काफी खुश होगा।

30 वर्षीय इस खिलाड़ी को भारत के लिए खेलने का मौका अभी नहीं मिला है। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें सिलेक्टर्स उन्हें नजरअंदाज करते आए हैं। यादव ने इस सीजन में अभी तक तीसरी हाफ सेंचुरी लगा चुके हैं। उनका घरेलू रेकॉर्ड भी शानदार है।

## अपने पहले मैच के लिए पाकिस्तान की टीम का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मेजबान पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का आयोजन शुक्रवार से होना है। इसी वनडे सीरीज के पहले मैच के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी ने टीम का ऐलान कर दिया है। पाकिस्तान के 15 खिलाड़ियों को पहले वनडे मैच के लिए चुना गया है। ये सीरीज ICC Men's Cricket World Cup Super League के अंतर्गत होगी। दोनों टीमें पहली बार आइसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग के मैच में उतरेंगी।

पाकिस्तान की टीम पहली बार नए कप्तान के नेतृत्व में मैदान पर होगी। इसी साल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बाबर आजम को सीमित ओवरों की क्रिकेट का कप्तान बनाया था, लेकिन अभी तक पाकिस्तान ने अक्टूबर 2019 के बाद एक भी वनडे सीरीज नहीं खेली है। पाकिस्तान की टीम को पहली बार वनडे सीरीज में उतरने का मौका मिल रहा है। ऐसे में युवा खिलाड़ी और कप्तान बाबर आजम पर अपनी मेजबानी में खेलने की वजह से काफी दबाव होगा।

## न्यूज डायरी



### भारत के खिलाफ सीरीज के लिए युवा हरफनमौला कैमरन ग्रीन ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारत के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने युवा हरफनमौला कैमरन ग्रीन को अपनी टी20 और एक दिवसीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है जबकि बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन के चलते मोइजेस हेनरिक्स ने तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की। भारतीय टीम टेस्ट सीरीज से पहले आस्ट्रेलिया में तीन वनडे (27 नवंबर, 29 नवंबर , दो दिसंबर) और तीन टी20 (4, 6 , 8 दिसंबर) खेलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर हॉस ने कहा, 'कैमरन का घरेलू फॉर्म शानदार रहा है। भविष्य के खिलाड़ी के रूप में उसके लिए यह सीरीज सीखने का मौका होगी।' ऑस्ट्रेलिया ने सीमित ओवरों की टीम में बल्लेबाजी हरफनमौलाओं को तरजीह दी है। ग्रीन का चयन तय ही माना जा रहा था। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चौपल ने कहा था कि उन्होंने रिकी पॉन्टिंग के बाद पहली बार इतना प्रतिभाशाली क्रिकेटर देखा है। वहीं हेनरिक्स की कप्तानी में सिडनी सिक्सर्स ने बिग बैश लीग खिताब जीता। उनका स्ट्राइक रेट 150 के करीब था।

### भारत के लिए खेलने को बेताब हैं सूर्यकुमार यादवः कायरन पोलार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। मुंबई इंडियंस के कप्तान कायरन पोलार्ड ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आईपीएल के मैच में शानदार पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उसके भीतर भारत के लिए खेलने की जबर्दस्त इच्छा है। सूर्यकुमार का ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में चयन नहीं हुआ। पोलार्ड ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यादव की पारी काफी उपयोगी थी। हम हमेशा शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों में से एक की बात करते हैं जो हमारे लिए पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाता है। सूर्यकुमार ने यह कई बार किया है।' उन्होंने कहा, 'वह हमेशा अच्छा खेलना चाहते हैं और एक बार फिर उसने अपनी 'क्लास' दिखाई है। वह भारत के लिए खेलने को बेताब है और लगातार अच्छा खेल रहे हैं। वह इतना ही कर सकते हैं।'

### विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव के बीच हुई आंखों में बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। सूर्यकुमार यादव का नाम इन दिनों काफी चर्चा में है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद से लोग दाएं हाथ के इस बल्लेबाज के बारे में बात कर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं इसके बावजूद वह टीम इंडिया में जगह नहीं बना पाए हैं। उन्होंने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 43 गेंद पर 79 रन की पारी खेली। उन्होंने टीम में नहीं चुने जाने का जवाब अपने बल्ले से दिया। यादव की पारी की मदद से मुंबई ने पांच गेंद बाकी रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया के कप्तान की टीम के खिलाफ यह पारी खेलकर सूर्यकुमार यादव ने शानदार जवाब दिया है। सूर्यकुमार यादव मैदान पर बहुत ही प्रतिबद्ध नजर आए। उन्होंने शांतचित होकर बल्लेबाजी की। हालांकि उन्हें परेशान करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने अपना संयम और धैर्य नहीं खोया।

### बांग्लादेश टीम फिर से मिलेगा चैंपियन खिलाड़ी का साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश की टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन की फिर से टीम में वापसी हो रही है। बांग्लादेश की टीम अपने पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन का स्वागत करने के लिए तैयार है, क्योंकि गुरुवार 29 अक्टूबर को उनका बैन समाप्त हो गया है। शाकिब को एंटी करप्शन का नियम तोड़ने की वजह से एक साल के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी ने क्रिकेट से बैन कर दिया था। हालांकि, टीम पर इसका असर ज्यादा नहीं पड़ा, क्योंकि करीब 6–7 महीने टीम ने क्रिकेट नहीं खेली है। भारतीय बुकी ने आइपीएल 2019 और क्रिकेट वर्ल्ड कप 2019 के दौरान उनको मैच फिक्सिंग के लिए अप्रोच किया था।